स्वागत योग्य बजट

बजट स्वागतयोग्य है. केंद्रीय वित्त मंत्री ने बहु प्रतीक्षित घोषणाएं की हैं. राष्ट्रीय टेली-मेंटल हेल्थ प्रोग्राम से काफी फायदा होगा, विशेषकर जमीनी स्तर से इसका लाभ मिलेगा. खासतौर पर महामारी की वजह से उपजे तनाव, अवसाद तथा अन्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े प्रभावों के कारण डिजिटल रजिस्ट्रीज से लोग आसानी से साइकोलॉजिकल हेल्थकेयर हासिल कर सकेंगे. दिव्यांग आश्रितों के लिए कर में छूट की घोषणा से दिव्यांगों व उनके अभिभावकों को काफी राहत मिल सकेगी. केंद्र सरकार यह मानती है कि स्वास्थ्य का सीधा संबंध देश की अर्थव्यवस्था से भी है. वैसे, नेशनल डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम के लिए खुले प्लेटफॉर्म की पहल स्वागतयोग्य कदम है.

मीनू बुधिया, संस्थापक- निदेशक, केयरिंग माइंड्स व साइकोथेरपिस्ट